卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 229 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦26 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बलूनी के बाद त्रिवेंद्र रावत भी पहुंचे अरविन्द पाण्डे के निवास

### भाजपा में एक बार फिर तेज हुई अंदरूनी हलचल



गूलरभोज(उद संवाददाता)। उत्तरांचल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार के सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत आज गदरपुर के भाजपा विधायक अरविन्द पाण्डे के आवास पर पहुंचे। जहां पार्टी के तमाम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जयघोषों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सांसद श्री रावत के विधायक पाण्डे के आवास पहुंचने पर राजनैतिक गलियारे में एक बार फिर चर्चाएं जोरों पर चल गई हैं। गौरतलब हो कि कल सोमवार को पौड़ी गढ़वाल के भाजपा सांसद अनिल बलूनी विधायक अरविन्द पाण्डे के आवास पर आये थे। जिसके बाद आज हरिद्वार के सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत का श्री पाण्डे के आवास में आना पर्दे के पीछे किसी हलचल का स्पष्ट संकेत दे रहा है। श्री रावत ने पाण्डे के आवास पर कार्यकर्ताओं के आग्रह पर डमरू बजाकर आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों का आगाज भी कर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोली लगने से हेड कांस्टेबल की मौत

### संदिग्ध हालातों में कार्बाइन से हुई आठ राउंड फायरिंग



देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून एयरपोर्ट के स्टेट गेस्ट हाउस में तैनात एक हेड कांस्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मृतक हेड कांस्टेबल की पहचान सुनील (49) निवासी नागाघेर, रानीपोखरी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्मघाती कदम का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे थाना रानीपोखरी पुलिस को सूचना मिली कि हेड कांस्टेबल सुनील ने अपने आवास पर सरकारी कार्बाइन से गोली चला ली है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह अपने घर के बरामदे में मौजूद थे। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तत्काल हिमालयन हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से कार्बाइन और अन्य साक्ष्य कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजेंद्र खोलिया ने बताया कि मृतक हेड कांस्टेबल को उनकी कार्बाइन से कई गोलियां लगी हैं। प्रारंभिक जांच में मौके पर 7 से 8 राउंड फायरिंग होने की बात सामने आई है, जिनमें से करीब तीन गोलियां मृतक को लगीं। पुलिस द्वारा पंचनामा भरने की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसपी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## रुद्रपुर के मेडिसिटी हॉस्पिटल का 177 करोड़ में अधिग्रहण

### पार्क मेडी वर्ल्ड खरीदेगी वी3 हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की 100 फीसदी हिस्सेदारी



रुद्रपुर/मुंबई। रुद्रपुर स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी मेडिसिटी हॉस्पिटल का अधिग्रहण अब देश की बड़ी हेल्थकेयर कंपनी पार्क मेडी वर्ल्ड द्वारा किया जाएगा। कंपनी ने वी3 हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, जो मेडिसिटी हॉस्पिटल का संचालन करती है, की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दे दी है। सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन के तहत जारी एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार यह सौदा करीब 177 करोड़ रुपये में दो चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी 31 अगस्त 2026 तक खरीदी जाएगी, जबकि शेष 20 प्रतिशत हिस्सेदारी 30 अप्रैल 2030 तक अधिग्रहित की जाएगी। पूरा भुगतान नकद में किया जाएगा। रुद्रपुर स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल कुमाऊं क्षेत्र के प्रमुख एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पतालों में शामिल है। अस्पताल में 330 बेड की सुविधा उपलब्ध है और यहां कार्डियोलॉजी,न्यूरोसर्जरी, ऑन्कोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, नेफ्रोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी समेत 20 से अधिक सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। कंपनी के अनुसार यह अधिग्रहण उसकी विस्तार रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सेवाओं का विस्तार और संचालन क्षमता को मजबूत किया जाएगा। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक वी3 हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 में अनऑडिटेड टर्नओवर 55.74 करोड़ रुपये रहा।

## किच्छा डिग्री कॉलेज में रैगिंग का मामला पहुंचा न्यायालय

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा स्थित राजकीय आदर्श महाविद्यालय में रैगिंग और मारपीट का मामला अब न्यायालय पहुंच गया है। वार्ड नंबर 15 निवासी बीए प्रथम वर्ष के छात्र मो. शाहिद ने सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट किच्छा की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में मो. शाहिद ने आरोप लगाया कि 26 फरवरी 2026 को वह अपने साथियों मुनाजिर हुसैन, वसीम और मुस्तफा के साथ कॉलेज के कॉमन रूम में बैठा हुआ था। इसी दौरान कुछ छात्र वहां पहुंचे और उसके साथ रैगिंग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ धक्का मुक्की करते हुए मारपीट शुरू कर दी। छात्र का कहना है कि पूरी घटना कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पीड़ित छात्र के अनुसार मामले की जानकारी मिलने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने हस्तक्षेप कर बीच बचाव कराया, लेकिन आरोपी जाते समय उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद कॉलेज से बाहर निकलते समय आरोपियों ने अन्य युवकों को बुलाकर कॉलेज गेट बंद कर दिया और लाठी डंडों तथा अवैध हथियारों (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगर पंचायत गढ़ीनेगी चुनाव की अधिसूचना जारी

### 27 और 29 मई को होंगे नामांकन, 9 जून को मतदान

रुद्रपुर । जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निकाय नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत गढ़ीनेगी के अध्यक्ष एवं सदस्यों के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र 27 मई और 29 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से कार्य समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 31 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लेने की प्रक्रिया संपन्न होगी। वहीं 1 जून को पूर्वाह्न 10 बजे से कार्य समाप्ति तक प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत गढ़ीनेगी के लिए मतदान 9 जून को पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 5 बजे तक कराया जाएगा। जबकि मतगणना 11 जून को पूर्वाह्न 8 बजे (शेष पृष्ठ सात पर)

## दिल्ली में केन्द्रीय नेताओं से मिले सीएम धामी



नई दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखित पुस्तक 'अपनापन : नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के विमोचन समारोह में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर कई समसामयिक विषयों पर चर्चा भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखित यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके आत्मीय अनुभवों, कार्यशैली और प्रेरणादायी नेतृत्व को बेहद भावपूर्ण एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है और उनकी कार्यशैली करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

काशीपुर। ट्रेन की चपेट मे आकर 30 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव का मोर्चरी में रखवा दिया है।रामनगर से आगरा जा रही ट्रेन सं. 15056 जब बीती रात्रि करीब 8.15 बजे गिरीताल रोड स्थित रेलवे फाटक पर पहुंची तो 30 वर्षीय एक युवक रेलवे पटरी किनारे बनी झाड़ियों से बाहर निकला ही था कि ट्रेन की चपेट में आ गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'सिस्टम की सुस्ती' ने उत्तराखंड को दिया 'एक और झटका'

### लीगल एंटिटी न होने के चलते 312 ऑर्गेनिक ग्रोवर ग्रुप से जुड़े राज्य के 90 हजार से ज्यादा किसानों के ऑर्गेनिक सर्टिफिकेट सस्पेंड,संकट में सूबे की जैविक खेती

-अर्श-

रुद्रपुर। उत्तराखंड का सुस्त और उदासीन सरकारी सिस्टम अपनी कार्यपाली के चलते राज्य की दशा दिशा बदलने वाली कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को पलीता लगा चुका है। अब प्रदेश के सुस्त प्रशासनिक सिस्टम ने उत्तराखंड को देश में ऑर्गेनिक खेती के मानचित्र में मॉडल राज्य के तौर पर स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को एक बार फिर तगड़ा झटका दिया है। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड को देश में ऑर्गेनिक खेती के क्षेत्र में मॉडल राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे है और इसके लिए सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण योजना पर अमल किया जा रहा है मगर सिस्टम की लापरवाही उदासीनता एवं सुस्ती के चलते अब यह महत्वाकांक्षी योजना बड़े संकट में फंसती नजर आ रही है। ज्ञात हो कि प्रदेश में जैविक खेती से जुड़े 90 हजार से ज्यादा किसानों के ऑर्गेनिक सर्टिफिकेट सस्पेंड होने से न सिर्फ किसानों की आजीविका प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया है, बल्कि राज्य की ऑर्गेनिक पहचान पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।उत्तराखंड स्टेट ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी (यूएसओसीए) द्वारा की गई इस कार्रवाई ने विभागीय कार्यप्रणाली और सरकारी तैयारियों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राज्य में फिलहाल करीब डेढ़ लाख किसान ऑर्गेनिक खेती से जुड़े हुए हैं, जो लगभग 74 हजार हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती कर रहे हैं। पिछले दो दशकों में किसानों को रासायनिक खेती से हटाकर जैविक खेती की ओर लाने के लिए सरकार ने बड़े स्तर पर अभियान चलाए थे। किसानों को प्रशिक्षण, उत्पादों के प्रमाणीकरण और बाजार उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। लेकिन अब सरकारी सिस्टम की धीमी कार्य प्रणाली और विभागीय समन्वय की कमी ने पूरी व्यवस्था को संकट में डाल दिया है। हासिल जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के 312 ऑर्गेनिक ग्रोवर ग्रुप से जुड़े किसानों का प्रमाणीकरण इसलिए निलंबित किया गया क्योंकि, इन समूहों के पास वैध श्लीगल एंटिटीश (कानूनी इकाई) का दर्जा नहीं था, जबकि नियमों के अनुसार, ऑर्गेनिक खेती से जुड़े समूहों का सोसाइटी, कंपनी या अन्य कानूनी संस्था के रूप में पंजीकृत होना जरूरी है। लेकिन सरकारी सिस्टम की सुस्ती एवं उदासीनता के चलते बड़ी संख्या में समूह अब तक रजिस्टर्ड नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि एपीडा (एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी) ने इस (शेष पृष्ठ सात पर)



# मुख्यमंत्री धामी ने किया पंचायत जनप्रतिनिधियों से संवाद

खटीमा। विकास खण्ड सभागार खटीमा में जन जन की सरकार, मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायत व निकाय जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा हमारे गांवों में बसती है और देश की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब हमारे गाँव और कस्बे सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि यदि गांव विकसित होंगे, तो राज्य और राष्ट्र स्वतः ही विकास ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। यही कारण है कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व दिलाने का काम कर रहे हैं। वहीं, स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी पहलों के माध्यम से हम प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी पहलों ने न केवल हमारी ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त किया है, बल्कि स्थानीय युवाओं को उनके गांव में ही रोजगार के अवसर प्रदान कर पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाने का कार्य किया के व्यापक नेटवर्क का विकास भी सुनिश्चित किया है। इसके साथ ही, खटीमा में अत्याधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कराकर यातायात सुविधाओं को सुदृढ़ किया है, जिससे आज आमजनों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने खटीमा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करने के साथ-साथ चकरपुर में राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण भी कराया है। इसके अलावा, खटीमा में आधुनिक आईटीआई और पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा 100 बेड के नए इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर और पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है। वहीं, हम खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की स्थापना के माध्यम से इस पूरे क्षेत्र के विकास को गति देने का प्रयास भी कर रहे हैं। इसके साथ ही, हम लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से मानूनगर- गदरपुर से दिनेशपुर-मटकोटा होकर सीधे हल्द्वानी को जोड़ने वाले मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जहां एक ओर लगभग 590 करोड़ रुपए की लागत से रूद्रपुर बाईपास निर्माण करा अवैध मजारों को ध्वस्त किया है, वहीं वन भूमि पर अतिक्रमण करके बनाई गई अवैध मस्जिदों को भी हटाया है। इसके साथ ही, हमने प्रदेश में दंगों की राजनीति करने वालों को सबक सिखाने के लिए एक सख्त दंगारोधी कानून बनाकर दंगों में होने वाले नुकसान की भरपाई भी दंगाईयों से ही करने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सड़कों पर कब्जा कर धार्मिक आयोजन करने वालों के लिए सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं जिसके अंतर्गत हमने यातायात को बाधित कर सड़कों पर नमाज पढ़ने पर सरकार ने ही भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने और नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया। इसी का परिणाम है कि पिछले 4 वर्षों में राज्य के 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देवभूमि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने ष्विकल्प रहित संकल्प" को पूर्ण करने के लिए लगातार काम कर रही है। और मुझे पूर्ण








में भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, वी बी जीरामजी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान जैसी अनेकों योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और सहयोग से राज्य सरकार भी विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवथा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जहां एक ओर एक जनपद, दो उत्पाद योजना और हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से अपने पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान है। उन्होंने कहा कि हम आज जहां एक ओर प्रदेश की लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से भी सशक्त बना रहे हैं। साथ ही रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को भी निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। ये हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि आज राज्य की 2 लाख 65 हजार से अधिक बहनों ने "लखपति दीदी" बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में नया इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य के शहरों से लेकर सुदूर पर्वतीय गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने एक ओर जहां क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए गदरपुर-खटीमा बाईपास और नौसर में पुल का निर्माण कराया है, वहीं पूरे क्षेत्र में सड़कों अस्पताल परिसर का निर्माण कर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ष्साथी केंद्रष् की स्थापना भी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खटीमा और टनकपुर के बीच एक भव्य सैन्य स्मारक भी बनाने जा रहे हैं, जिस पर जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने एक ओर जहां राजकीय महाविद्यालय खटीमा में एमकॉम और एमएससी की कक्षाएं शुरू कराई, वहीं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय का संचालन भी प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि उधमसिंह नगर जनपद के किच्छा में 351 करोड़ रूपए की लागत से 100 एकड़ भूमि पर एम्स ऋषिकेश के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हम पंतनगर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाईअड्डा का निर्माण भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में अरोमा पार्क, काशीपुर में रहे हैं, वहीं, रूद्रपुर को खटीमा-टनकपुर एवं गदरपुर-जसपुर से जोड़ने वाली चार लेन सड़कों का निर्माण भी करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण पुनः प्रारंभ कर पूरे तराई क्षेत्र की पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान करने का ऐतिहासिक कार्य भी किया है। हमारी सरकार ने गन्ना किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से गन्ने के समर्थन मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि भी की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के समग्र विकास के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने हेतु भी पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश में सुनियोजित लैंड जिहाद पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 12 हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि हमनें 550 के करीब रोक लगाई है। इसके अलावा, हाल ही में हमारी सरकार ने राज्य में नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत अब उत्तराखंड में केवल वही मदरसे संचालित हो पाएंगे, जिनमें हमारे सरकारी बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में अवैध रूप से संचालित लगभग 250 से अधिक मदरसों को भी बंद करवाया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्य में शिक्षा के मंदिर स्थापित हों, जहां तय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए, न कि शिक्षा के नाम पर बच्चों को अलगाववादी मानसिकता की ओर धकेला जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में सनातन संस्कृति को बदनाम करने वाले पाखंडियों के विरुद्ध भी ऑपरेशन कालनेमि के माध्यम से भी सख्त कार्रवाई कर रही है। हमारी विश्वास है कि हमारे इस संकल्प को साकार करने में खटीमा के मेरे आप सभी परिवारजन इसी प्रकार हमारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रमेश चंद्र जोशी, अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन आशा बिष्ट, ज्येष्ठ प्रमुख भागीरथी राणा, कनिष्ठ प्रमुख गौरव नेगी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ उत्तम सिंह नेगी, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रदेश में संपूर्ण बागवानी योजना तैयार करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में जाईका वित्तपोषित उत्तराखण्ड एकीकृत बागवानी विकास परियोजना से संबंधित उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेश के लिए एक संपूर्ण बागवानी योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में उन्नत बागवानी की अपार संभावनाएं हैं और इसे देखते हुए ही आगामी योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में बागवानी के कुल क्षेत्रफल को बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए किसानों को हैंड होल्डिंग, विशेष प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई



जाए। उन्होंने जोर दिया कि किसानों को ग्राफ्टिंग तकनीक में दक्ष बनाया जाए ताकि उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हो सके। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के लिए श्क्लस्टर एप्रोचश अपनाने का सुझाव दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि उत्पादन के साथ-साथ सप्लाई चौन को विकसित करने और कोल्ड स्टोरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा, उन्नत किस्मों के चयन और क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान केंद्रित करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने योजनाओं के क्रियान्वयन में स्पष्टता बरतने के निर्देश दिए और कहा कि योजनाओं में दोहराव (डुप्लीकेसी) नहीं होना चाहिए। उन्होंने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजना पूर्ण होने के उपरांत भी किसानों को निरंतर सहायता मिलती रहे, इसके लिए उद्यान विभाग की भूमिका को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सचिव एस.एन. पाण्डेय, डीजी उद्यान वंदना सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# निकाय चुनाव के लिए 9 जून को होगा मतदान

चम्पावत (उद संवाददाता)। राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा जनपद के नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं सदस्य पदों के निर्वाचन हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर, नगर पंचायत गदपुरी तथा नगर पंचायत पाटी में चुनाव प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 25 मई 2026 को जारी कर दी गई है। 26 मई को आरक्षण सहित निर्वाचन संबंधी समस्त विवरण प्रकाशित किए जाएंगे। प्रत्याशी 27 मई एवं 29 मई को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 मई को होगी, जबकि 31 मई को अपराह्न 03:00 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 1 जून को किया जाएगा। मतदान 9 जून 2026 को प्रातः 08:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संपन्न होगा। इसके बाद 11 जून 2026 को प्रातः 08:00 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से पूरी कराई जाएगी।

# प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए: मुख्य सचिव

## यूपीसीएल ने प्रदेशवासियों से की अपील : शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक पीक आवर्स में बिजली का किफायती और न्यूनतम उपयोग करें

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण बिजली की मांग में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे में आने वाले समय को देखते हुए पर्याप्त विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रबंध निदेशक यूपीसीएल जी एस बुधियाल ने बताया कि 21 मई 2026 को देशभर में अधिकतम विद्युत मांग लगभग 270.8 गीगावाट दर्ज की गई, जो मई 2024 में दर्ज 250 गीगावाट के पूर्व रिकॉर्ड से अधिक है। गत वर्ष जून 2025 में यह मांग लगभग 242 गीगावाट रही थी। वित्तीय वर्ष 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर पर अधिकतम मांग 270 से 277 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। इसी दिन उत्तराखंड में भी अब तक की सर्वाधिक 2982 मेगावाट बिजली मांग दर्ज की गई। बैठक में बताया गया कि उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने के कारण एयर कंडीशनर, कूलर और अन्य विद्युत उपकरणों के उपयोग में तेजी आई है, जिससे बिजली की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर पीक आवर्स में बिजली उपलब्धता सीमित हो रही है और ऊर्जा एक्सचेंज में 10 रुपये प्रति यूनिट की अधिकतम दर होने के बावजूद पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसके बावजूद यूपीसीएल प्रदेश के उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति



उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 22 मई को सचिव स्तरीय बैठक में यूपीसीएल की तैयारियों और प्रबंधन की समीक्षा की गई थी। मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव ऊर्जा के मार्गदर्शन में यूपीसीएल द्वारा अग्रिम विद्युत प्रबंधन योजना, रियल टाइम मॉनिटरिंग और ग्रिड समन्वय के माध्यम से आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि प्रदेश में अब तक किसी प्रकार की रोस्टरिंग नहीं की गई है। यूपीसीएल ऊर्जा एक्सचेंजों के माध्यम से बिजली प्रबंधन तथा आकस्मिक परिस्थितियों में केंद्रीय गैस आधारित विद्युत की शेड्यूलिंग के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि यूजेवीएनएल द्वारा बिजली आपूर्ति प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। हालांकि पिछले दो से तीन दिनों में पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा और हिमपात के कारण जल विद्युत उत्पादन में लगभग चार मिलियन यूनिट की कमी आई है, लेकिन आगामी दिनों में इसके तेजी से बढ़ने की संभावना है। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को केंद्रीय पूल से आवंटित 250 मेगावाट के अतिरिक्त 150 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराई है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए ऊर्जा एक्सचेंजों के माध्यम से एक से 15 मई तक 100 मेगावाट तथा 16 से 31 मई तक 225 मेगावाट अग्रिम विद्युत की व्यवस्था की गई है। यूपीसीएल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक पीक आवर्स में बिजली का किफायती और न्यूनतम उपयोग करें तथा एयर कंडीशनर, वाशिंग मशीन जैसे अधिक बिजली खपत वाले उपकरणों का सीमित उपयोग करें। बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, मुख्य अभियंता एन एस बिष्ट, अधीक्षण अभियंता नवीन मिश्रा, अधिशासी अभियंता मनोज अग्रवाल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रामनगर के विकास को मिलेगी नई रफ्तार: बलूनी

## रेल मंत्री के समक्ष रखी जाएंगी नई ट्रेनों और फुटओवर ब्रिज की मांग, कंडी मार्ग विकसित होगा

रामनगर (उद संवाददाता)। पौड़ी लोकसभा सीट से सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि डबल इंजन सरकार रामनगर के विकास को नई गति देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रेल, सड़क, पर्यटन और संचार सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। रामनगर पहुंचने पर मीडिया से बातचीत में सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि स्थानीय संगठनों और लोगों द्वारा नई ट्रेनों के संचालन, रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज निर्माण और दूरसंचार सेवाओं को बेहतर बनाने जैसी महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही इन पर सकारात्मक पहल की जाएगी। सांसद ने बताया कि रामनगर से देहरादून के लिए शुरू होने वाली नई ट्रेन का उद्घाटन जल्द प्रस्तावित है, जिसमें केंद्रीय रेल मंत्री के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान रामनगर क्षेत्र की सभी प्रमुख रेल संबंधी मांगों को रेल मंत्री के समक्ष रखा जाएगा, ताकि क्षेत्र को बेहतर रेल सुविधाएं मिल सकें। साथ ही दिल्ली से रामनगर के लिए सुपरफास्ट ट्रेन चलाने को लेकर भी बातचीत जारी है। राष्ट्रीय



राजमार्ग और सड़क संपर्क के मुद्दे पर सांसद ने कहा कि रामनगर से काशीपुर के बीच सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों को शीघ्र ठीक कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा दूरसंचार सेवाओं को मजबूत करने के लिए संबंधित विभागों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है, ताकि क्षेत्रवासियों को नेटवर्क और संचार संबंधी समस्याओं से राहत मिल सके। कॉर्बेट क्षेत्र में पर्यटन और ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने को लेकर सांसद ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता रामनगर को प्रमुख पर्यटन हब के रूप में विकसित करना है। पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों की आर्थिकी मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सांसद अनिल बलूनी ने लालढांग से चिलरखाल मार्ग को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिलने का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अगला लक्ष्य कंडी मार्ग का निर्माण है। उन्होंने कहा कि कंडी मार्ग बनने से रामनगर, कोटद्वार और देहरादून के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा, जिससे गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के बीच कनेक्टिविटी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि रामनगर और कोटद्वार के बीच संपर्क मार्ग बनने से दोनों शहरों की अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिलेगा और राज्य के लोगों को बेहतर आवाजाही की सुविधा प्राप्त होगी। कॉर्बेट पार्क के परमिट शुल्क को लेकर सांसद ने कहा कि कॉर्बेट पार्क सहित देश के अन्य टाइगर रिजर्व और राष्ट्रीय उद्यानों की शुल्क व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन विभाग से इस विषय पर बातचीत कर परमिट शुल्क को आम लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# केवल बनभूलपुरा की चिन्ता छोड़ अन्य क्षेत्रो पर भी ध्यान दें सुमित: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।विधायक सुमित हृदयेश द्वारा सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में सांसद अजय भट्ट के प्रयासो एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार से बन रही कैथलेब पर प्रश्न उठाना अत्यन्त दुर्भाग्य पूर्ण हैं। इस बयान की निन्दा करते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने कहा है कि विधायक सुमित हृदयेश जब से विधायक बने है उनका सम्पूर्ण समय हल्द्वानी के विकास में अवरोध बनी रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जे वाली बनी बनभूलपुरा की जमीन को बचाने में दिल्ली कोर्ट में ही गया है। वो केवल उसकी ही लड़ाई में साढ़े चार साल व्यस्त रहे।उन्होंने कहा कि शहर में प्रदेश सरकार एवं अजय भट्ट के प्रयासो से किये गये कार्यों पर नजर ही नही जाती। जिस सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में कैथलैब की बात विधायक सुमित कर रहे है वो मुख्यमंत्री एवं सांसद के रक्षा राज्य मंत्री के कार्यकाल के रहते हुए उनके द्वारा भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड के



द्वारा 12 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक कैथलैब जो गरीब जनता के लिए उपयोगी होनी वाली है उसका निर्माण करवा रहे है। इसके अलावा सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में डाक्टरो, नर्सिंग स्टाफ, पेरामेडिकल स्टाफ, आईसीयू की संख्या एवं अन्य समस्त प्रकार की सुविधाओं को बढाया गया है जो काग्रेस के कार्यकाल में जीर्ण क्षीर्ण हो गई थी। श्री बिष्ट ने कहा सांसद एवं सरकार द्वारा कैथलैब को चलाने के लिए हृदयरोग विशेषज्ञो से वार्ता चल रही है जिसका बहुत शीघ्र की सार्थक परिणाम आएगा। उन्होंने कहा विधायक सुमित हृदयेश को भाजपा सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में अवरोधक नही बनना चाहिए।

# एमबी पीजी कॉलेज में जोशी ने किया स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का लोकार्पण

## कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रेरणा पार्क का भी किया उद्घाटन

हल्द्वानी। सोमवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एमबी पीजी कॉलेज, हल्द्वानी में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद प्रेरणा पार्क का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का देवभूमि उत्तराखंड से अत्यंत गहरा और अटूट संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद शांति, ज्ञान और आत्मसाक्षात्कार की खोज में कई बार अल्मोड़ा, चंपावत स्थित मायावती आश्रम एवं कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों में आए थे। उन्होंने कहा कि हिमालय की वादियों की दिव्य ऊर्जा व्यक्ति के भीतर





सोए हुए गौरव को जागृत करती है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद के सबसे बड़े प्रणेता थे। उन्होंने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि अध्यात्म और आधुनिकता का समन्वय ही मानवता के कल्याण का मार्ग है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा और सकारात्मक सोच के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश, जैविक बोर्ड सदस्य चंद्र प्रकाश, जगनमोहन सिंह, राकेश सिंह, हितेश उप्रेती सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्रद्धा ,विश्वास और प्रेम को बनाएं अपने जीवन का अभिन्न अंग: हरि चैतन्यपुरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज ने यहाँ उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित



करते हुए कहा कि श्रद्धा,विश्वास और प्रेम तीनों ही यदि जीवन में उतर जाए तो संतोष और सच्चे आनंद की अनुभूति होने लगती है। यह तीनों कि वह त्रिवेणी है जो जीवन यात्रा में निरसरता हटाकर जीवन में सरसता भरती है तथा हमारे अंत:करण की मलीनता को दूर करती है। हमें अश्रद्धा, अविश्वास और वैर से सदैव दूर रहना चाहिए,तभी जीवन में सच्ची सुख शांति मिल सकती है। यदि इंसान शांतिपूर्वक जीना चाहता है तो उसे श्रद्धा,विश्वास और प्रेम को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धा हमारे अहंकार को दूर करती है। श्रद्धावश ही हम दूसरों का हृदय से सम्मान करते हैं। श्रद्धा का प्रतिफल हमें आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है । श्रद्धा का परिणाम सदैव शुभदायक और मंगलकारी होता है। इसलिए श्रद्धावान व्यक्ति विषम परिस्थितियों में भी अपने आत्मबल के सहारे टिका रहता है। यदि हमारा मन निर्मल है हमारी मनोभूमि में अवगुणों का प्रदूषण नहीं है। और हम दुर्व्यसनों के शिकार नहीं है तो श्रद्धा,विश्वास और प्रेम के अंकुर पल्लवित होने में देर नहीं लगती। हम शीघ्र ही श्रद्धानत हो जाते हैं। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दैनिक जागरण समूह के हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में भी विशेष आमंत्रण पर श्री महाराज जी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सांसद अजय भट्ट, बड़ी संख्या में मंत्री, विधायक व भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेता, बड़ी संख्या में अधिकारी श्री महाराज जी के शिष्य उपस्थित रहे ।

# भावपूर्ण संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

रुद्रपुर। राधाकांतपुर में आयोजित श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने संकीर्तन में सहभागिता कर धार्मिक आयोजन की सराहना की और क्षेत्र में ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रमों को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के



लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को अध्यात्म एवं संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि संकीर्तन और भजन केवल धार्मिक परंपरा का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि यह समाज को एकजुट रखने का भी माध्यम हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धार्मिक मूल्यों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर गुरुचांद हरिचांद मंदिर के महाराज विवेकानंद, स्वामी कृष्णानंद महाराज, जिला पंचायत सदस्य तेज सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिनाथ विश्वास, प्रमोद बोरा, सुभाष व्यापारी, बलविंदर साहू, सुनील चुघ, रजत वैध, पंकज मंडल, केरू मंडल, अर्जुन विश्वास समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)। 65 गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में रविवार को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी रिचा सिंह तथा तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण DLMT, ALMT टीम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर घर जाकर गणना प्रपत्र भरने का कार्य करेंगे। इसके साथ ही ठस्व ।चच के माध्यम से मतदाताओं का ऑनलाइन डाटा भी अपलोड किया जाएगा, जिससे पुनरीक्षण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि 14 जुलाई 2026 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे, उनकी सुनवाई 10 जुलाई से 11 सितंबर तक की जाएगी। इसी





अवधि में बीएलओ द्वारा प्रारूप 6, 7 एवं 8 भी भरवाए जाएंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 15 सितंबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। अधिकारियों ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हो सकें और किसी भी मतदाता को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# फेक नैरेटिव और भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहें: सीएम

## हल्द्वानी में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स और युवाओं से संवाद, सकारात्मक डिजिटल भूमिका निभाने का किया आह्वान





हल्द्वान(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सोशल मीडिया आज केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने, सकारात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का प्रभावशाली मंच बन चुका है। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मकता, सत्य और समाज हित में करने का आह्वान किया। हल्द्वानी में आयोजित सोशल मीडिया मंथन विथ सीएम धामी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, डिजिटल वॉलेंटियर्स और युवाओं के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद युवाओं ने सोशल मीडिया, रोजगार, उत्तराखंड के विकास, संस्कृति, राष्ट्रवाद और युवाओं की भूमिका से जुड़े सवाल मुख्यमंत्री के समक्ष रखे, जिनका उन्होंने स्पष्टता और आत्मीयता के साथ जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा डिजिटल माध्यमों के जरिए अपनी बात पूरी दुनिया तक पहुंचाने की क्षमता रखता है और उत्तराखंड के युवाओं में अपार प्रतिभा मौजूद है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार और तथ्यपरक जानकारी साझा करना समय की आवश्यकता है। फेक नैरेटिव, भ्रामक सूचनाओं और समाज को बांटने वाली ताकतों से सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया को जनसंवाद का सशक्त माध्यम बनाया है और लगातार युवाओं से संवाद कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्टार्टअप, नवाचार, खेल, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण विरोधी कानून और सख्त भू कानून जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेकर प्रदेश और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया है। उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और देवभूमि की पहचान को संरक्षित रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स ने भी अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं की सकारात्मक सहभागिता और सुझावों का हमेशा स्वागत करती है। उन्होंने युवाओं से उत्तराखंड के डिजिटल ब्रांड एम्बेसडर बनकर प्रदेश की सकारात्मक छवि दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, शंकर कोरंगा, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह समेत अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।













# विकास योजनाओं के लिए 20.79 करोड़ की स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत सड़कों, शासकीय आवासों और सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण के लिए 20.79 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सड़क, आवास एवं जनसुविध ाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है ताकि स्थानीय जनता को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने चम्पावत के टनकपुर में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास निर्माण हेतु 1.29 करोड़ की स्वीकृति दी है, जिसमें प्रथम किश्त के रूप में 77. 61 लाख जारी किए गए हैं। इसी प्रकार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय के कार्यालय भवन निर्माण के लिए 2.24 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 89.80 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया है। विभिन्न जनपदों में सड़क निर्माण के लिए भी बड़ी धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें टिहरी गढ़वाल के थौलधार विकासखण्ड में कमान्द-थौलधार मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए 3.52 करोड़, बागेश्वर के गरुड़ विकासखण्ड में बिनातोली से गरकोट मोटर मार्ग के लिए 4.01 करोड़ तथा पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में चपलोडी-फल्द्वाड़ी मोटर मार्ग के सुध ारीकरण के लिए 2.22 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। नैनीताल के बेतालघाट विकासखण्ड में दूनीखाल-रातीघाट पैदल मार्ग के निर्माण हेतु 4.01 करोड़, देहरादून में राष्ट्रीय राजमार्ग-72 लच्छीवाला से रायपुर तक 04 लेन एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर के लिए 1.03 करोड़ तथा पौड़ी गढ़वाल के पौड़ी विध ानसभा क्षेत्र में बिल्केदार-गौरीकोट मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए 3.67 करोड़ की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा चमोली, उधमसिंहनगर एवं उत्तरकाशी में पुरुष, महिला, ट्रांसजेंडर एवं दिव्यांगजनों के लिए पृथक शौचालय निर्माण हेतु 66.02 लाख की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

# विधायक पांडेय के आवास पहुंचे अनिल बलूनी, सियासी चर्चाएं तेज





गूलरभोज/गदरपुर। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं गढ़वाल क्षेत्र से सांसद अनिल बलूनी सोमवार को गूलरभोज स्थित पूर्व विधायक अरविंद पांडेय के आवास पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब डेढ़ घंटे तक चली मुलाकात के बाद क्षेत्रीय राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। अनिल बलूनी के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने इस बैठक में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी विधानसभा चुनाव-2027 की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की बात कही है। पूर्व विधायक अरविंद पांडेय पिछले कुछ समय से क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर लगातार मुखर रहे हैं। ऐसे में भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता अनिल बलूनी का उनके आवास पहुंचना कई राजनीतिक संकेत दे रहा है। हालांकि बैठक के बाद दोनों नेताओं ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए नेताओं ने संगठन की मजबूती, सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। सूत्रों के अनुसार भाजपा नेतृत्व मिशन-2027 को लेकर अभी से संगठनात्मक तैयारी में जुट गया है। वहीं राष्टीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन से पूर्व दोनों नेताओं की मुलाकात को लेकर क्षेत्र में चर्चाए तेज हो गई है।

# जयनगर को हराकर खटोला की टीम ने जीता फाइनल

रूद्रपुर। ग्राम खटोला में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मेजबान खटोला टीम ने जयनगर को 22 रनों से पराजित कर खिताबी जीत हासिल की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए खटोला टीम ने निर्धारित ओवरों में जयनगर के सामने 160 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयनगर की टीम खटोला की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाई और पूरी टीम 138 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे टूर्नामेंट प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से नवाजा गया, जिसमें गणेश मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बल्लेबाज रहे। इसके अलावा करन को मैन ऑफ द मैच, संजय शर्मा को बेस्ट बॉलर और हिमांशु जोशी को बेस्ट फील्डर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिमांशु, गोलू, गणेश, योगेश, सुनील, संजय शर्मा, चंदू मेहरा, चंदू कार्की, करन, गोल्डी, अजय, कुलदीप, नारायण, दीपक, अभिषेक और सुधीर सहित समस्त आयोजक मंडल व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# महापौर जनता के द्वार शिविर में उमड़े लोग

## मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान, शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ, महिलाओं और बुजुर्गों को मिली बड़ी राहत

रुद्रपुर। शहर के वार्डों और मलिन बस्तियों तक सरकारी योजनाओं और जनसमस्याओं के समाधान को सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'महापौर जनता के द्वार' अभियान के तहत सोमवार को रम्पुरा स्थित चौरासी समेत विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, सामने आने पर उन्होंने रम्पुरा चौकी इंचार्ज पंकज कुमार को मौके पर बुलाकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पहुंचे दिव्यांग ओम नारायण की समस्या सुनने के बाद महापौर ने समाज कल्याण विभाग को लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन सरकार जनता के घर तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि दोनों शिविरों में महिलाओं की बड़ी समाधान करेगा और यह अभियान उसी वादे को पूरा करने की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आगे भी अलग-अलग वार्डों में इसी प्रकार शिविर लगाए जाएंगे ताकि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए वार्ड स्तर पर लगाए जा रहे शिविर उन्हें बड़ी राहत प्रदान कर रहे हैं। नगर निगम का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी सुविधाएं सरल और सुगम तरीके से पहुंचाई जाएं। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्रीमती शिप्रा



घंटा मंदिर परिसर में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड संख्या 21, 22, 23 और 24 के सैकड़ों लोग पहुंचे और विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया। सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ शिविर में उमड़नी शुरू हो गई थी और देर शाम तक लोग अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के समक्ष पहुंचते रहे। शिविर में नगर निगम, बिजली विभाग, जल संस्थान, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, आयुष्मान योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, बिजली कनेक्शन, पेयजल और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। कई लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। महापौर विकास शर्मा ने स्वयं अधिकारियों के साथ बैठकर लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और कई मामलों में तत्काल निस्तारण कराया। पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। मलिन बस्तियों से आए कई लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान होने से उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। बुजुर्ग महिलाओं ने महापौर को आशीर्वाद देते हुए वार्ड स्तर पर शिविर लगाने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का भागीदारी देखने को मिली है, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं और बुजुर्ग छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर थे, लेकिन अब नगर निगम स्वयं उनके वार्डों तक पहुंच रहा है। महापौर ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से वादा किया था कि नगर निगम स्वयं लोगों के बीच पहुंचकर समस्याओं का कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि नगर निगम सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है तथा विकास कार्य जनता की प्राथमिकताओं के अनुरूप कराए जा रहे हैं। नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने कहा कि 'महापौर जनता के द्वार' कार्यक्रम जनभावनाओं का सम्मान करने की पहल है। उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग, महिलाएं और जरूरतमंद लोग विभिन्न कारणों से सरकारी कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते, ऐसे में जोशी पांडे, राजू नबियाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी पियूष रंजन, सहायक नगर आयुक्त रणदीप सिंह, भाजपा नेत्री मीना शर्मा, वार्ड 23 पार्षद अंजलि कोली , वार्ड 22 पार्षद चंद्रसेन चंदा, वार्ड 24 पार्षद सोनी कोली , वार्ड 21 पार्षद गिरीश पाल, पार्षद एमपी मौर्य पवन राना, सौरभ गुप्ता, सोनू कोली , राजेश कोली , शुभम पाल, किशन कोली, जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता गण एवं देवतुल्य जनता स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को बांटा शरबत और चने का प्रसाद

गूलरभोज (उद संवाददाता)। भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को उत्तरांचल दर्पण के अमित गुप्ता के कार्यालय पर राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए शरबत एवं तीखी मिर्च वाले चनों का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर ठंडा पानी और शरबत ग्रहण किया तथा गर्मी से राहत महसूस की। इस दौरान आयोजकों ने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी को



देखते हुए राहगीरों और आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया है। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी सहयोग करते हुए सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. कुलदीप रघुवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग, समाजसेवी प्रमोद गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, विजय यादव, रजत गुप्ता, रितिक गुप्ता, पवित्र गुप्ता, युवराज गुप्ता, नैतिक गुप्ता, हैप्पी, नीरू गोयल, रूपाली गुप्ता, विभा गुप्ता, यशिका गुप्ता, हिमांशी गुप्ता, मंजू गुप्ता, विनोद सिडाना समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मेयर के दरबार में छलका पीड़ित मां का दर्द

## घायल पुत्र को लेकर पहुंची महिला,महापौर ने हमलावरों के घरों पर बुल्डोजर चलाने की दी चेतावनी

रुद्रपुर। रम्पुरा में आयोजित महापौर जनता के द्वार कार्यक्रम उस समय भावुक माहौल में बदल गया, जब एक मां अपने गंभीर रूप से घायल बेटे को ई रिक्शा में लेकर न्याय की गुहार लगाने पहुंची। युवक की हालत देखकर कार्यक्रम में मौजूद लोग भी स्तब्ध रह गए। पीड़ित परिवार की व्यथा सुनकर महापौर भी भावुक हो उठे और चौकी इंचार्ज को मौके पर बुलाकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर के दरबार में पहुंची महिला ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व उसके पुत्र राज कोली पर कुछ दबंगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमलावरों ने युवक को बेरहमी से पीटा, उसके हाथ पैर तोड़ दिए, जीभ काट दी और गुप्तांग तक क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद से युवक लगातार जिंदगी और मौत के



बीच संघर्ष कर रहा है। उसकी हालत ऐसी है कि वह न ठीक से चल पा रहा है और न ही बोलने की स्थिति में है। पीड़ित युवक की मां ने बताया कि पिछले डेढ़ माह से वह अपने बेटे के इलाज और न्याय के लिए दर दर भटक रही है। उसने बताया कि बेटे के इलाज में घर तक बेचना पड़ा, लोगों से कर्ज लेना पड़ा और चंदा जुटाकर इलाज कराया जा रहा है। इसके बावजूद बेटे की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों ने आगे कई और ऑपरेशन होने की बात कही है। पीड़ित परिवार की आपबीती सुनकर महापौर ने मौके पर ही चौकी प्रभारी को तलब कर मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। चौकी प्रभारी ने बताया कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। महापौर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने गंभीर मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने पुलिस को जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आरोपियों के घरों पर बुल्डोजर चलाने की मांग की जाएगी। महापौर ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने तत्काल सहायता के रूप में पीड़ित युवक की मां को पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद भी प्रदान की और कहा कि उपचार के लिए आगे भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

# डोजो जू-जित्सु प्रतियोगिता में 60 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

किच्छा(उद संवाददाता)। नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ऑडिटोरियम में जिला जु-जित्सू एसोसिएशन एवं ऋषि मार्शल आर्ट्स एकेडमी, किच्छा के सौजन्य से एक दिवसीय डोजो जू-जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रुद्रपुर के विभिन्न स्कूलों एवं एकेडमियों के लगभग 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. मृदुला किशोर, प्रिंसिपल डॉ. ब्रजेश कुमार दुबे, जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव सिहान ऋषि पाल भारती एवं कोच रूनू शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर सिहान ऋषि पाल भारती ने कहा कि जू-जित्सु खेल युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करते हैं। डॉ. मृदुला किशोर ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और विद्यालय हमेशा से इन्हें बढ़ावा देने



के लिए तत्पर है। डॉ. ब्रजेश कुमार दुबे ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों में आत्म विश्वास और अनुशासन का संचार करती हैं। सीनियर कोच रूनू शर्मा ने बताया कि नालंदा स्कूल में खिलाड़ियों को नियमित मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ के खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं। प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर आयुवर्ग के विभिन्न भार वर्गों में आयोजित की गई। बालिका वर्ग में अनुप्रीत कौर, हिना अंसारी, शिवाशी चंद, नैनिका कोराली व बबीता अधिकारी ने स्वर्ण पदक जीते। अदिति, वैष्णवी बहेल, पल्लवी यादव, पल्लवी रॉय व सिम्मी रावत ने रजत पदक तथा जसप्रीत कौर, श्रुति गराड़े, हेमा लोहनी, पायल पुंडीर, जायना बी, रितिका भंडारी, अलीजा अंसारी व सुधा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में समर्थ दानु, पार्थ शाह, समद, मयंक दानू व अभिनव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। अभियांक्ष गंगवार, अनंत उप्रेती, उत्कृष्ट, पंकज कुमार व प्रतीक कुमार ने रजत पदक तथा भारत मिश्रा, अंश कुमार, ध्रुव, वंश कर्का, माधव शर्मा व धीरज कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में निर्णायक व ऑफिशियल की भूमिका वंश विष्ट व मिंकु ठाकुर ने निभाई। समापन अवसर पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल व शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान किए। अंत में रूनू शर्मा ने अतिथियों व विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम

पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं, जिस कारण ऊर्जा संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है। इसी का नतीजा है कि सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर से इजाफा कर दिया गया। पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में यह चौथी बार की गई वृद्धि है। खबरों के मुताबिक, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ उसके खुदरा दाम बढ़ा रही हैं। मगर सवाल सिर्फ कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी का नहीं है, बल्कि इस बात का भी है कि सरकार इस संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों पर कितनी तेजी और गंभीरता से काम कर रही है। बार-बार ईंधन की कीमतें बढ़ने से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में माल ढुलाई की लागत भी बढ़ेगी, जिससे जरूरी वस्तुएं महंगी होंगी। ऐसे में पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे आम लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।दरअसल, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में पचास फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने से तेल आपूर्ति का बाधित होना है।सरकार ने संघर्ष शुरू होने के बाद तकरीबन ढाई महीने तक तेल के दामों को स्थिर रखने का प्रयास किया, लेकिन तेल कंपनियों पर बढ़ते आर्थिक दबाव की वजह से अब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है।हालांकि सरकार यह दावा करती रही है कि वैश्विक संकट के बीच ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन बीते करीब दो सप्ताह से पेट्राल-डीजल और सीएनजी के दाम में जिस तरह से लगातार बढ़ोतरी हुई है, उससे सरकार के प्रयास सफल होते नजर नहीं आ रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर समाज के उस वर्ग पर पड़ेगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर है और अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए दिन भर संघर्ष करता है। इससे पहले कि स्थिति और ज्यादा बिगड़े, सरकार को ऊर्जा संकट पर काबू पाने के वैकल्पिक रास्ते तैयार करने होंगे और महंगाई से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

# पद्म भूषण से सम्मानित हुए भगत सिंह कोश्यारी



नई दिल्ली । नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी को लोक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। श्री कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान मिलने पर प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत राज्य के अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनायें दी है। सोमवार को राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित हुए नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, केंद्र सरकार के कई अन्य मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। पहले नागरिक अलंकरण समारोह में भारत की राष्ट्रपति ने 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। जिनमें 02 पद्म विभूषण, 06 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री शामिल हैं। वर्ष 2026 के लिए, राष्ट्रपति ने 131 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी है। जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। शेष पुरस्कार विजेताओं को बाद में आयोजित होने वाले समारोह के दूसरे दौर में सम्मानित किया जाएगा।श्री भगत सिंह कोश्यारी जिन्हें उत्तराखण्ड में 'भगत दा' के नाम से जाना जाता है, वह एक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, पत्रकार और समर्पित राष्ट्रवादी नेता हैं। जिन्होंने अपना जीवन जन सेवा और समाज के गरीब और पिछडे वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है। वह आरएसएस के एक निष्ठावान स्वयंसेवक हैं और अपनी सादगी, अनुशासन और सीखने के प्रति गहरे प्रेम के लिए जाने जाते हैं।17 जून, 1942 को उत्तराखण्ड के बागेश्वर जिले के पहाड़ी इलाके के सुदूर गांव पलानधुरा में जन्मे श्री कोश्यारी ने अपनी ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त की और 1964 में आगरा विश्वविद्यालय से संबद्ध अल्मोड़ा कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी की। उन्होंने 1964-1965 के दौरान राजा का रामपुर (एटा, उत्तर प्रदेश) में व्याख्याता के रूप में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। हालांकि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से प्रेरित होकर, उन्होंने 1965 के बाद से स्वयं को पूरी तरह से शैक्षणिक और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया।वर्ष 1997 में श्री कोश्यारी को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए नामित किया गया था। नवंबर 2000 में उत्तराखण्ड के गठन के बाद, वह राज्य के पहले मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने और बाद में थोड़े समय के लिए उत्तरांचल (अब उत्तराखण्ड) के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने उत्तराखण्ड विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी काम किया। वर्ष 2008 में वह राज्य सभा के लिए चुने गए और 2014 में वह नैनीताल-ऊधम सिंह नगर निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के लिए चुने गए। श्री कोश्यारी को 5 सितंबर, 2019 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया जहां उन्होंने प्रभावी रूप से सेवा की। इसके अलावा अगस्त 2020 में उन्हें गोवा के राज्यपाल (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में भी नियुक्त किया गया था। शिक्षा और राजनीति में उनके योगदान के अलावा श्री कोश्यारी एक लेखक भी हैं। उन्होंने उत्तरांचल प्रदेश क्यों और उत्तरांचल प्रदेश: संघर्ष एवं समाधान नामक दो पुस्तकें लिखी और प्रकाशित की, जो उत्तराखण्ड के विकास के प्रति उनकी संकल्प्पना और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उनका जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, नेतृत्व और अटूट सेवा का एक प्रेरक उदाहरण है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

किच्छा। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में करीब 16 वर्षीय नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी नाबालिग का कोई सुराग नहीं लगने पर पीड़िता मां ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देकर नाबालिग पुत्री को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बहेड़ी निवासी एक युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस को दी शिकायत में थाना अंतर्गत ग्राम निवासी महिला ने बताया कि उसके पति का कुछ समय पूर्व निधन हो चुका है तथा उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री है। महिला ने बताया कि विगत 22 मई की दोपहर करीब एक बजे उसकी नाबालिग पुत्री घर से बाहर गई थी और अचानक लापता हो गई। महिला ने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि ग्राम शिकलपुर, पोस्ट पचपेड़ा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली निवासी अरुण कुमार नाम का युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहलाकर अपने साथ ले गया है। महिला ने बताया कि 2 दिन पूर्व उसने अपनी पुत्री को आरोपी अरुण से फोन पर बात करते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। पीड़िता ने नाबालिग पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पुत्री को सकुशल बरामद करने तथा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर नाबालिग की तलाश तेज कर दी है।

# कलश यात्रा में तीन महिलाओं की सोने की चेन चोरी

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा के दौरान तीन महिलाओं के गले से सोने की चेन चोरी होने की घटना से हड़कंप मच गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद जहां श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय अग्रवाल सभा भवन में सोमवार से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू होना था। कथा से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा गर्वेश्वर मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए अग्रवाल सभा भवन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। बताया जा रहा है कि यात्रा समाप्त होने के बाद तीन महिलाओं को अपने गले से सोने की चेन गायब होने का पता चला। इसके बाद वहां मौजूद महिलाओं और उनके परिजनों में हड़कंप मच गया। पीड़ित महिलाओं ने घटना की जानकारी आयोजक मंडल और पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आयोजक मंडल द्वारा कार्यक्रम की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जा रही थी। पुलिस ने जब वीडियो फुटेज की जांच की तो उसमें चार से पांच संदिग्ध महिलाएं दिखाई दीं, जिन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था। पुलिस को आशंका है कि ये महिलाएं बाहरी क्षेत्र की हो सकती हैं। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिलाओं की पहचान करने में जुटी हुई है। घटना के बाद भागवत कथा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में भी भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े धार्मिक आयोजन में इस प्रकार की घटना होना चिंता का विषय है। लोगों ने आशंका जताई कि नगर में महिलाओं का कोई गिरोह सक्रिय हो सकता है, जो भीड़भाड़ वाले आयोजनों में चेन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। स्थानीय नागरिकों और आयोजकों ने पुलिस प्रशासन से मामले का शीघ्र खुलासा करने तथा नगर में घूम रही संदिग्ध महिलाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



# सट्टेबाज को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची सहित 3850 रुपए की नगदी बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 13 जी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक संतोष उप्रेती के नेतृत्व में पुलिसकर्मी देवराज सिंह एवं पुलिसकर्मी प्रशांत नेगी की टीम शांति व्यवस्था की दृष्टिगत गश्त कर रही थी। इस दौरान रुद्रपुर रोड स्थित गौरीशंकर मंदिर के निकट चाय की दुकान पर भीड़ लगी देख पुलिस टीम रुक गई। पुलिस टीम के पहुंचने पर सभी लोग फरार हो गए। जबकि एक आरोपी को पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते रंगे हाथ दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता सुनेहरी मोहल्ला, किच्छा निवासी नत्थू लाल बताया। पुलिस ने आरोपी नत्थू लाल के कब्जे से सट्टा पर्ची सहित 3850 रुपए की नगदी बरामद कर कब्जे में ले ली। पुलिस ने आरोपी नत्थू लाल को हिरासत में लेकर रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चोरी किए गए लोहे के स्क्रैप सहित कैंटर ट्रक बरामद

## मौके से गैस कटर सहित चोरी का माल बरामद

किच्छा। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में 7 वर्षों से बंद पड़ी पी एन पेपर मिल में लोहा सरिया (स्क्रैप) चोरी का सिलसिला लगातार जारी है। थाना पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार कई लोगों को मिल से माल चोरी करते पकड़ा गया है। ताजा मामले में सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रामपुर रजिस्ट्रेशन नंबर के एक कैंटर ट्रक को लाखों रुपए कीमत के लोहे के स्क्रैप, ऑक्सीजन सिलेंडर, घरेलू सिलेंडर, गैस कटिंग उपकरण सहित रंगे हाथ बरामद कर लिया। जबकि पुलिस टीम के पहुंचने पर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे करीब चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। थाना पुलिस के अनुसार बीती देर रात्रि करीब 11:30 बजे उप निरीक्षक प्रकाश चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम थाना अंतर्गत क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम शंकर फार्म स्थित बंद पड़ी पुरानी पी एन पेपर मिल में कुछ लोगों द्वारा लोहा स्क्रैप चोरी किया जा रहा है। सूचना के बाद एसआई प्रकाश चंद द्वारा चीता मोबाइल टीम को मौके पर बुलाया गया और पुलिस टीम बंद पड़ी फैक्ट्री में पहुंच गई। फैक्ट्री के अंदर कैंटर ट्रक संख्या यूपी 22 टी 9028 में करीब तीन चार लोग अंधेरे में लोहे के गार्डर स्क्रैप लाद रहे थे। पुलिस टीम के पहुंचने की सूचना पर सभी आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फैक्ट्री के पिछले रास्ते से फरार हो गए। पुलिस टीम द्वारा मौके पर बरामद कैंटर संख्या यूपी 22 टी 9028 का ई-चालान मशीन से जांच करने पर ज्ञात हुआ कि यह वाहन ग्राम सरकारी पोस्ट, माटखेड़ा, रामपुर (यूपी) निवासी मकसूद पुत्र सकूल नबी के नाम पंजीकृत है। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने कैंटर ट्रक में मिल से चोरी करके लोहे के पांच बड़े भारी भरकम गार्डर काट कर लादे गए थे तथा एक फुट चौड़ाई एवं 7 से 11 फुट लंबाई के 5 गार्डर के अलावा एक लोहे की चेन पुली, दो ऑक्सीजन सिलेंडर, एक घरेलू सिलेंडर, गैस कटर में प्रयुक्त होने वाला गैस कटिंग हौज पाइप, टॉर्च, ऑक्सीजन सिलेंडर के रेगुलेटर आदि सामान बरामद कर लिया। मौके पर चोरी से काटे गए अन्य लोहे के गार्डर भी जमीन पर पड़े हुए थे। ज्ञात हो कि वर्ष 2019 से फैक्ट्री नीलाम होने के बाद उक्त फैक्ट्री पंजाब नेशनल बैंक के नियंत्रण में है तथा फैक्ट्री में लोहे का हजारों कुंतल माल लगा हुआ है, जिस पर चोरों द्वारा समय समय पर हाथ साफ किया जाता है। पूर्व में भी फैक्ट्री से चोरी के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं। फिलहाल पुलिस ने कैंटर ट्रक एवं चोरी के माल को कब्जे में लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी ने किया राज्य स्तरीय वोविनाम पदक विजेताओं कोसम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिनों श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण, 5 रजत एवं 3 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन एवं मनोबल को बढ़ाने हेतु दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी, नानकमत्ता द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सिहान ऋषिपाल भारती, विशिष्ट अतिथि खटीमा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर कमल किशोर भट्ट, दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा, कोच किशोर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहान ऋषिपाल भारती ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा वोविनाम वियतनाम की पारंपरिक मार्शल आर्ट है, जो आत्मरक्षा के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती का माध्यम है। दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी देश व समाज की शान है, वे देश के लिए खेलते हैं और पदक लाकर राष्ट्र व समाज का गौरव बढ़ाते हैं। इसलिए केवल सरकार के भरोसे न रहकर समाज के लोगों तथा एनजीओ को भी खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आगे आना चाहिए। विशिष्ट अतिथि कमल किशोर भट्ट ने कहा खेल व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को नशे व सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हैं। दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी ने सिद्ध किया है कि समर्पण से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकते हैं। एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा ने बताया कि विगत दिनों शिवालिक हॉल रुद्रपुर में आयोजित हुई उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 5 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में कंचन बसेड़ा, विक्रम कुमार, अमन रेंसवाल एवं शिवन्या गोस्वामी शामिल रहे। रोहन रेंसवाल, आरव डांगी, गुरप्रीत कौर, खुशी थापा एवं देव ने रजत पदक अर्जित किए, जबकि हार्दिक जोशी, चिराग और अमितोज सिंह ने कांस्य पदक जीतकर अकादमी का गौरव बढ़ाया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में स्थापित दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने पिछले 12 वर्षों में राष्ट्रीय, एशियन, वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसी प्रमुख प्रतियोगिताओं में कई पदक अर्जित कर शेत्र, जनपद, राज्य एवं देश का मान बढ़ाया है, जिसके लिए कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, खेल मंत्री सहित अनेकों कैबिनेट, एनजीओ द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा चुका है। प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों में खेल कोटे से दो खिलाड़ियों का इंडियन आर्मी में भी चयनित हुए है। मुख्य प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह डांगी ने कहा राज्य चौंपियनशिप में खिलाड़ियों ने अनुशासन एवं तकनीक का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह पदक मंजिल नहीं, शुरुआत है। अब लक्ष्य राष्ट्रीय चौंपियनशिप है।समारोह में सभी पदक विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संतोष सिंह, उत्तम सिंह थापा, सरस्वती थापा, नीलम गोस्वामी, हिमानी जोशी, नमिता भट्ट सहित अनेक अभिभावकगण एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



# 'महकी फिजा' के पोस्टर और वीडियो की हुई लॉन्चिंग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के नगर निगम सभागार में साज पिक्चर्स के बैनर तले निर्मित रोमांटिक लव सांग 'महकी फिजा' का वीडियो और पोस्टर भव्य समारोह के बीच लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा ने सांग का पोस्टर एवं वीडियो रिलीज कर पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड प्रतिभाओं की धरती है और अब यहां के युवाओं को अपनी कला और हुनर दिखाने के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि साज पिक्चर्स जैसे मंच स्थानीय कलाकारों के सपनों को नई उड़ान देने का कार्य कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि 'महकी फिजा' केवल एक गाना नहीं, बल्कि यहां के कलाकारों की मेहनत, जुनून और सपनों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गाने में दिखाई गई गुणवत्ता किसी बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट से कम नहीं लगती। रुद्रपुर जैसे शहर से इतनी शानदार क्रिएटिव टीम का सामने आना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में उत्तराखंड फिल्म और संगीत जगत का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। उन्होंने निर्देशक नाहिद खान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने स्थानीय कलाकारों को साथ लेकर



एक सकारात्मक और रचनात्मक पहल की है, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वहीं विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नई फिल्म नीति का उद्देश्य प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है और 'महकी फिजा' जैसे प्रोजेक्ट उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के युवा अभिनय, संगीत, लेखन और तकनीकी क्षेत्र में लगातार बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। सरकार ऐसी नीतियां बना रही है जिससे स्थानीय कलाकारों को मंच मिले और प्रदेश में फिल्म उद्योग को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में निर्देशक नाहिद खान ने सभी अतिथियों, कलाकारों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साज पिक्चर्स का उद्देश्य नई और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि 'महकी फिजा' को एक नए प्रयोग के रूप में सीरियल स्टाइल में शूट किया गया है और इसका अगला पार्ट भी जल्द तैयार किया जाएगा। यह सांग प्रेम, भावनाओं और रिश्तों की खूबसूरती को सिनेमाई अंदाज में प्रस्तुत करता है। युवा प्रोड्यूसर आतिश अरोरा ने बताया कि साज पिक्चर्स जल्द ही ऑडिशन आयोजित करेगा, जिसमें चयनित प्रतिभाओं को आगामी प्रोजेक्ट्स में अभिनय और तकनीकी क्षेत्र में कार्य करने का अवसर दिया जाएगा। बताया गया कि रोमांटिक सांग की शूटिंग रुद्रपुर और आसपास की कई आकर्षक लोकेशनों पर की गई है। गाने की शूटिंग आर्क होटल, सामिआ लेक सिटी और सुनारीका गोल्ड एंड डायमंड सहित विभिन्न स्थानों पर हुई है। इस प्रोजेक्ट के प्रोड्यूसर प्रवीण अरोरा और आतिश अरोरा हैं। गाने में आतिश अरोरा, जज अरोरा, रमजा खान और गगनदीप ने अभिनय किया है। क्रिएटिव डायरेक्टर हिमांशु तिवारी हैं। गीत के बोल सचिन कुमार ने लिखे हैं, जबकि गायक गिलराज गिल ने अपनी आवाज दी है। संगीत अमित ने तैयार किया है तथा एडिटिंग और सिनेमेटोग्राफी सोहेल आलम ने की है। प्रोजेक्ट में रोहताश बत्रा और प्रदीप बंसल का विशेष सहयोग रहा।

# पत्रकार एमडी खान की माता का निधन



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा के नियाजगंज निवासी पत्रकार एमडी खान की माता सईद जहां का निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थीं और लंबे समय से वृद्धावस्था जनित समस्याओं से जूझ रही थीं। उनका उपचार ऋषिकेश में चल रहा था। परिजनों के अनुसार पत्रकार एमडी खान उन्हें उपचार के बाद ऋषिकेश से अल्मोड़ा लेकर आ रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। इधर, अल्मोड़ा के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों ने सईद जहां के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

# चलती बाइक में लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई अपनी जान

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत बाईपास स्थित महिंद्रा शोरूम के सामने चलती बाइक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद बाइक चला रहे किच्छा निवासी सोनू प्रताप ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाइक से कूद कर अपनी जान बचाई।



देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान आसपास के लोगों ने मिट्टी और पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। फिलहाल बाइक में आग लगने का कारण अभी साफ नहीं हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के चलते संभवत: चलती बाइक में आग लग गई।

# कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## रामनगर में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और जनसमस्याएं उठाने पर जोर

रामनगर (उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यालय रामनगर में सोमवार को ब्लॉक, नगर एवं मालधन कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नैनीताल जिला कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के जिलाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि पूर्व विधायक रणजीत रावत की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए इन्दर पाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, दलित और शोषित वर्ग की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश और प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न जनसमस्याओं से जूझ रही है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को



जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने तथा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस अनिल अग्रवाल ने किया। अंत में संगठन की मजबूती और एकजुटता का संदेश देते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में अध्यक्ष रामनगर कांग्रेस कमेटी भुवन चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामनगर देशबंधु रावत, उत्तराखंड सोशल मीडिया प्रदेश सचिव विनोद कुमार पिन्नू, उत्तराखंड सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव राज कुमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी भुवन चंद्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस ममता आर्या, वरिष्ठ कांग्रेसी बाली राम, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस अनिल अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम दरबार में चोरों ने किया मोबाइलों पर हाथ साफ

गदरपुर। सकैनिया में आयोजित भव्य खाटू श्याम जी के दरबार में जहां एक ओर मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, वहीं दूसरी ओर चोरों ने मौके का फायदा उठाकर जमकर मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे दिया। कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर कंबोज एवं उनकी टीम द्वारा किया गया था, जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। गदरपुर के खाटू श्याम दरबार के अध्यक्ष विजय अनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि दरबार के दौरान एक दर्जन से अधिक मोबाइल फोन चोरी हो गए। भीड़ अधिक होने के कारण कई लोगों को काफी देर बाद अपने मोबाइल गायब होने की जानकारी मिली। कार्यक्रम में पहुंचे कई प्रतिष्ठित एवं गणमान्य लोगों के मोबाइल भी चोरी होने की बात सामने आई है, जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिली। मोबाइल चोरी की घटनाओं के बाद पीड़ितों द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## पेज एक का शेष...

**बलूनी के बाद त्रिवेंद्र रावत भी ...**लिये खून पसीना बहाया है। श्री रावत ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुये चुनाव में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के बाद भाजपा की सरकार गठित हुई। इससे पूर्व बंगाल में जिस प्रकार से लगातार घुसपैठ जारी था उससे मानो यह लगने लगा था कि यहां नया बंग्लादेश बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में संपूर्ण देश में इतने विकास कार्य किये गये जिसकी बदौलत आज देश में 22 राज्य में भाजपा की सरकार गठित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में कोई भी व्यक्ति उंगुलि नही उठा सकता। श्री रावत ने अपने सम्बोधन की शुरूआत विधायक अरविन्द पाण्डे की तारीफ से की। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ को देखकर ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि श्री पाण्डे कितने लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि मंत्री और मुख्यमंत्री बनना एक अलग बात है लेकिन विधायक बनना महत्वपूर्ण बात है और वह भी लगातार 5 बार बनना। इससे भी ऊपर नये क्षेत्र से चुनाव लड़ना और वहां से भी विधायक बन जाना बड़ी लोकप्रियता वाली बात होती है। उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यकर्ताओं का संघर्ष कभी नही भूल सकते। श्री पाण्डे ने हमेशा संघर्ष किया और आज अपने संघर्ष की बदौलत ही जन-जन के प्रिय बने हुये है। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड राज्य से विशेष लगाव है और उनके आर्शीवाद से राज्य में तेजी से विकास हो रहा है। जिसकी बदौलत राज्य में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। इसलिए हमने कांग्रेस की सरकार हटाई थी। उन्होंने कहा कि विधायक अरविंद पांडे संघ के साथ जुड़े हुए हैं और हमने भी अरविंद पांडे के संग में संघ के साथ काम किया है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, नरेश गुड़िया, अतुल पांडे, राकेश सिंह, मोहन सिंह पानू ,प्रकाश सिंह कोश्यारी, बिट्टू यादव, मनजीत सिंह, राजेश सिंह, इंद्र सिंह राठौड, हिमांशु सरकार, अनादी रंजन मंडल, विश्वजीत मंडल, अशोक हुड़िया, संजीव गुप्ता, रामकिशन दहूजा, बलदेव राज आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद सांसद श्री रावत ने विधायक अरविन्द पाण्डे से अकेले में काफी देर तक बातचीत कर वर्तमान राजनैतिक परिवेश पर चर्चा की। जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है। यहां आपको बता दे कि इससे पूर्व भी सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, अनिल बलूनी व मदन कौशिक का विधायक श्री पाण्डे के आवास पर आना लगभग निश्चित हो चुका था परंतु किन्हीं कारणों से उनका प्रस्तावित दौरा स्थगित कर दिया गया था। हांलाकि पार्टी के तमाम पदाधिकारी व नेता संगठन के बीच किसी भी तरह का मतभेद होने से साफ इंकार कर रहे हैं मगर जिस प्रकार से श्री पाण्डे का आवास बीते कुछ दिनों से राजनीति का केन्द्र बना हुआ है उससे साफ दिखाई दे रहा है कि भाजपा संगठन व सरकार में विधायक पाण्डे को लेकर कुछ न कुछ अवश्य चल रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी नेतृत्व इस मामले को सुलझाने की पूरी कोशिश में जुटा हुआ है।

**किच्छा डिग्री कालेज....**के साथ छात्रों को घेर लिया। छात्र का कहना है कि प्रधानाचार्य के हस्तक्षेप से उस समय मामला शांत हुआ, लेकिन बाद में महाकाली मंदिर के पास फिर से उन पर हमला कर मारपीट की गई। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अगले दिन कॉलेज परिसर में दोबारा विवाद हुआ, जहां लोहे की रॉड से हमला कर उसके और उसके साथियों के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पर भी दी गई थी। मो. शाहिद ने अदालत को बताया कि लगातार हुई घटनाओं के कारण वह मानसिक रूप से आहत हो गया और लंबे समय तक घर पर रहकर उपचार कराता रहा। उसने यह भी आरोप लगाया कि मामले की शिकायत थाना किच्छा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजी गई, लेकिन पुलिस स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस कार्रवाई न होने से निराश छात्र ने अब न्यायालय की शरण ली है। प्रार्थना पत्र में अदालत से मामले की रिपोर्ट तलब कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश जारी करने की मांग की गई है।

**दिल्ली में केंद्रीय नेताओं ....**यह पुस्तक पाठकों को प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और नेतृत्व शैली को करीब से समझने का अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**गोली लगने से हेड...**देहात जया बलोनी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक स्तर पर पारिवारिक कलह को घटना की एक संभावित वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हेड कांस्टेबल सुनील के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

**सिस्टम की सुस्ती...**मामले को गंभीरता से लेते हुए 16 अप्रैल 2026 को कृषि सचिव एसएन पांडे को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत भी कराया था। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर किसानों और समूहों को समय रहते रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से जोड़ने के लिए ठोस पहल नहीं की गई। अब हालात यह हैं कि 90 हजार से ज्यादा किसानों के सर्टिफिकेट सस्पेंड हो चुके हैं और यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो जून के अंत तक 1 लाख 13 हजार से अधिक किसानों के प्रमाणीकरण पर भी संकट के बादल मंडरा सकते हैं। उत्तराखंड के किसानों को जैविक खेती की ओर मोड़ने की गरज से चलाई जा रही मुहिम पर मंडरा रहे संकट के बादलों को देखते हुए भारत सरकार के कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने भी गंभीर चिंता व्यक्त की है। एपीडा का मानना है कि उत्तराखंड देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां पिछले वर्षों ऑर्गेनिक खेती को बड़े स्तर पर बढ़ावा मिला है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में किसानों का प्रमाणीकरण निलंबित होना राज्य और किसानों दोनों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।एपीडा ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि उत्तराखंड ऑर्गेनिक कमोडिटी बोर्ड (यूओसीबी) और यूएसओसीए को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि किसानों के प्रमाणीकरण का नवीनीकरण जल्द हो सके। राहत की बात यह है कि प्राधिकरण ने किसानों को आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय देने पर भी सहमति जताई है, फिर भी बड़ा सवाल यह है कि जब पहले ही चेतावनी मिल चुकी थी, तब समय रहते आवश्यक कदम क्यों नहीं उठाए गए ?

**नगर पंचायत गढ़ीनेगी...**से कार्य समाप्ति तक होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन, नाम निर्देशन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया उपजिलाधिकारी कार्यालय काशीपुर में संपन्न कराई जाएगी। वहीं मतगणना नवीन फल मंडी समिति परिसर काशीपुर में की जाएगी।

**टेन की चपेट...**उसकी शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं पुलिस को उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज भी बरामद नहीं सका जिससे पता लग सके की युवक कौन है। पुलिस ने मृतक युवक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में लगी है।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कु. रेखा रानी से बदल कर अब रेखा सिंह कर लिया है। अत: अब से भविष्य में मुझे रेखा सिंह पत्नी गणेश सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

वर्तमान पता-32 कोलड़ा दानपुर,
जिला-उधमसिंह नगर उत्तराखंड 263153

### सूचना सम्बंध विच्छेद

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र रवि कुमार गुप्ता व उसकी पत्नी प्रीती गुप्ता दूसरा पुत्र शिव कुमार गुप्ता व उसकी पत्नी सविता गुप्ता का व्यवहार मेरे प्रति अच्छा नहीं है आये दिन ये अभद्र और निष्ठुर व्यवहार करते हैं। जिससे दुखी होकर मैंने रवि कुमार गुप्ता उसकी पत्नी प्रीती गुप्ता व शिव कुमार गुप्ता व उसकी पत्नी सविता गुप्ता से सम्बंध विच्छेद कर लिया है। तथा इन्हें चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब ये अपने किसी भी कृत्य और लेन-देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

बिंदा देवी पत्नी विद्यानाथ गुप्ता, निवासी ग्राम वार्ड नंबर 08, पंत कालोनी,किच्छा, जिला-उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बकरीद पर कुर्बानी की होगी वीडियोग्राफी: महापौर

## खुले में पशुबलि और अवशेष फेंकने पर होगी सख्त कार्रवाई

रुद्रपुर। रूद्रपुर में इस बार बकरीद पहले जैसी नहीं होगी। पहली बार कुर्बानी की पूरी प्रक्रिया विशेष समिति की निगरानी और वीडियोग्राफी के दायरे में रहेगी। महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर उत्तराखण्ड में पहली बार नगर निगम प्रशासन ने सख्त एक्शन प्लान लागू किया है। सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी, नालियों में खून बहाने और पशुओं के अवशेष खुले में फेंकने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बीते दिवस विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों ने महापौर विकास शर्मा से मुलाकात कर बकरीद के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर पशुबलि, सड़कों एवं नालियों में खून बहने तथा पशुओं के अवशेष खुले में फेंके जाने की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की थी। संगठनों ने कहा था कि ऐसे कृत्यों से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं तथा शहर की स्वच्छता और कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर विकास शर्मा ने तत्काल नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों एवं नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों का कठोरता से पालन कराया जाए। महापौर विकास शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बकरीद को लेकर नगर निगम के नये आदेशों की जानकारी देते हुए बताया





कि बकरीद के अवसर पर किसी भी खुले स्थान, सार्वजनिक सड़क, चौराहे अथवा पूजा स्थलों के सामने से गुजरने वाले मार्गों पर किसी भी प्रकार की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही गाय, बछड़ा अथवा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पूर्णत: निषिद्ध रहेगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कुर्बानी केवल अधिकृत स्लॉटर हाउस अथवा निर्धारित स्थलों पर ही की जा सकेगी। प्रत्येक स्थल पर स्थानीय नागरिकों की निगरानी समिति गठित की जाएगी, जिसमें न्यूनतम पांच और अधिकतम ग्यारह सदस्य शामिल होंगे। इन समितियों में कम से कम एक महिला सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य होगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी स्थिति में पशुओं का रक्त नालियों में नहीं बहाया जाएगा और न ही पशुओं के अवशेष अथवा ऑफल खुले स्थानों पर फेंके जाएंगे। कुर्बानी के बाद उत्पन्न अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कराया जाएगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर में सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और कानून के दायरे में मनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओंको ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि शहर की स्वच्छता, व्यवस्था और न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराना है। उन्होंने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं मर्यादित वातावरण में मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शहर का माहौल दूषित और अशांत नहीं होने दिया जायेगा।

# आवरा कुत्तों की सुरक्षा के लिए पशु प्रेमी महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

किच्छा। प्रशासन द्वारा आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद पशु प्रेमियों एवं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवारा कुत्तों के हितों की रक्षा करने की मांग उठाई है। पशु प्रेमी एवं भाजपा नेत्री प्रेमलता चौहान के नेतृत्व में तमाम महिलाएं नगर पालिका परिषद पहुंची। जहां उन्होंने अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को ज्ञापन सौंपते हुए मांगो से अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में आवारा कुत्तों के पास रहने खाने की कोई निश्चित व्यवस्था एवं स्थान नहीं है तथा प्रशासन द्वारा उन्हें जंगलों में खुला छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जंगलों में आवारा छोड़े जा रहे कुत्तों को खाने-पीने की अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ेगी। भाजपा नेत्री प्रेमलता चौहान ने पशु हितों को ध्यान में रखते हुए आवारा कुत्तों को रेबीज का इंजेक्शन लगाए जाने, उनकी नसबंदी करते हुए उनके रहने के लिए उचित स्थान निर्धारित करने एवं खाने पीने की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को ज्ञापन सौंपने के बाद महिला मोर्चा ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन प्रेषित कर जल्द कार्रवाई का आग्रह किया। भाजपा नेत्री चौहान ने बताया कि प्रशासन ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। मौके पर भाजपा नेत्री, दया डसीला, करुणा तिवारी, प्रेमा राठौर, नीतू सिंह, आरती दुबे, अंजू उपाध्याय, लता सिंह, माधुरी देवी, संगीता शर्मा, इंदू मान, अंजनी सोनी, गोल्डी गोराया, मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।





# विधायक ने की सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी रोकने की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बकरा ईद से पूर्व रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने हिंदू संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ त्रिशूल चौक स्थित एसएसपी आवास पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने लिखित ज्ञापन सौंपते हुए सार्वजनिक स्थलों और खुले स्थानों पर कुर्बानी किए जाने पर रोक लगाने की मांग की। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि बकरा ईद के दौरान निर्धारित और पंजीकृत स्थानों पर ही कानून और नियमों का पालन करते हुए कुर्बानी की जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। विधायक ने कहा कि पिछले वर्षों में सुभाष कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, खेड़ा, पहाड़गंज और भूतबंगला क्षेत्रों से खुले में कुर्बानी और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें सामने आती रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस बार ऐसी घटनाएं न होने दी जाएं और डायल 112 को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए, ताकि सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई हो सके। एसएसपी अजय गणपति ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न थानों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सभी समुदायों से कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि त्योहार मनाने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी या खुले में अवशेष फेंकने जैसी घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान



यदि कहीं कोई समस्या दिखाई देती है तो लोग संयम बनाए रखें और तत्काल पुलिस को सूचना दें। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि त्योहार की आड़ में किसी को भी सौहार्द बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी को अपने गो रक्षा दल के जिला महामंत्री राधे सनातनी, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, पार्षद निमित शर्मा, भाजपा महामंत्री सुनील यादव, राधेश शर्मा, मयंक कक्कड़, राज कोली, सन्नी पासवान, सौरभ राठौर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नेता संजीव सिंह ने शुरू की 'चलते-फिरते प्याऊ' की सेवा

किच्छा (उद संवाददाता)। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे नगरवासियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने अपने कार्यालय से एक विशेष रूप से तैयार किए गए ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो नगर में "चलते-फिरते प्याऊ" के रूप में कार्य करेगा। यह ई-रिक्शा शहर के आदित्य चौक, डी.डी. चौक, महाराणा प्रताप चौक, रेलवे स्टेशन और बस स्टॉप जैसे प्रमुख स्थानों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाकर राहगीरों और श्रमिकों को नि:शुल्क शीतल व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह ने बताया कि नगर में स्थापित कई सरकारी वाटर कूलर तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़े हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए कहा, "प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की 'सेवा ही संगठन' की विचारधारा और उनके समर्पण भाव से प्रेरित होकर मैंने यह निर्णय लिया है। जहां सरकारी व्यवस्था दुरुस्त होने में समय लग रहा है, वहां एक सजग कार्यकर्ता के रूप में जनता को फौरी



राहत पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।" भाजपा नेता ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकारी जल कूलरों की तकनीकी खराबी दूर नहीं हो जाती, तब तक यह सेवा निरंतर जारी रहेगी।

# दो बच्चों के साथ महिला एवं युवती लापता

किच्छा। नगर के वार्ड 11 क्षेत्र से दो युवतियों सहित दो छोटे बच्चे अचानक घर से लापता हो गए। पीड़ित परिवारों ने बताया कि युवती ने फोन पर दिल्ली में होने की जानकारी देते हुए विवाह करने की बात कही है। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर बच्चों सहित चारों लापता लोगों की तलाश प्रारंभ कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 11, नई सुनेहरी निवासीगण सुरेश गुप्ता एवं शारदा देवी ने बताया कि सुरेश गुप्ता की पुत्री कु0 रेखा एवं शारदा की पुत्री वैष्णो देवी अपने 5 वर्षीय पुत्र हर्षित तथा तीन वर्षीय पुत्र गोलू के साथ विगत 22 मई की दोपहर करीब 3 बजे घर से बिना बताए अचानक कहीं चले गए तथा काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने बताया कि विगत 23 मई को सुरेश गुप्ता की पुत्री रेखा ने खुद फोन कर बताया कि वह दिल्ली में है और उसने शादी कर ली है। परिजनों के अनुसार जानकारी देने के बाद रेखा ने फोन काट दिया। परिजनों ने घर से लापता रेखा, वैष्णो देवी तथा दोनों बच्चों को सकुशल बरामद करने की पुलिस से गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी सूचना दर्ज कर लापता लोगों की तलाश प्रारंभ कर दी है।